---

प्रेस विज्ञप्ति / Press Release 8 अगस्त / August, 2019

---

# सिडबी ने जल-आपूर्तक एटीएम के माध्यम से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच प्रदान करने हेतु पीरामल सर्वजल के साथ साझेदारी की

# SIDBI partners with Piramal Sarvajal to provide access to safe drinking water via water ATMs

- सिडबी और पीरामल सर्वजल उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के माताबरी गाँव में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराएगा।

  SIDBI and Piramal Sarvajal will offer safe drinking water in Methavari village in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

- इन सुविधाओं की स्थापना से इस गाँव में और इसके आसपास रहने वाले 2,400 से अधिक व्यक्ति लाभान्वित होंगे।

  Establishment of these facilities will benefit over 2,400 individuals residing in and around this village.

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के माताबरी गाँव में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मिशन प्रचालित पीरामल सर्वजल के साथ तकनीकी भागीदारी का लाभ उठाया है। इस पहल के अंतर्गत पीरामल सर्वजल ने परिशोधन-सह-वितरण इकाई की स्थापना की है, जिसे सस्ती सुरक्षित पेयजल की निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए जल-आपूर्तक एटीएम के नाम से भी जाना जाता है। यह पहल सिडबी के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत किए जाने वाले प्रयासों का एक हिस्सा है और इससे गांव में रहने वाले 2,400 से अधिक लोगों को लाभ पहुंचने की उम्मीद है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI) has leveraged technical partnership of Piramal Sarvajal, a mission driven social enterprise, to provide safe drinking water in Methavari village in Gorakhpur, Uttar Pradesh. Under the initiative, Piramal Sarvajal has set up purification-cum-dispensing unit, also known as water ATM to provide an uninterrupted access to affordable and safe drinking water. The initiative is a part of SIDBI’s Corporate Social Responsibility (CSR) efforts and is expected to benefit over 2,400 individuals residing in the village.

सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने कहा कि "सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने वाली इस सुविधा की शुरूआत से हमें बेहद खुशी हो रही है। हम गांव / ब्लॉक स्तर पर पीने का पानी उपलब्ध कराने हेतु सहयोग देने के लिए उत्सुक हैं। ग्राम वासियों की खुशियों को बढ़ाने का यह कार्य हमें संतोष देता है। चूंकि इसकी व्यवस्था स्थानीय समुदाय द्वारा की जाएगी, अत: जल संचालक / समन्वयक के तौर पर हमारा यह प्रयास मिशन स्वावलंबन के साथ सीधे जुड़ जाता है। इसका प्रतिरूपण किया जा सकता है और देश के किसी भी ऐसे हिस्से में, जहां का भू-जल दूषित है एवं निवासी समुदाय पीने के पानी की विकट स्थिति से जूझ रहा हो, इसे लगाया जा सकता है"।

Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director of SIDBI said, "It gives us an immense pleasure to launch safe drinking water facility. We are keen to support drinking water at village/block level. It is satisfying for us to raise the happiness quotient of villagers. This also aligns with our mission Swavalamban as Water operator / Coordinator as the society managing it shall be local. This is replicable and can be deployed in any part of country where ground water is contaminated, and community is suffering from poor quality of drinking water."

अब तक यह गाँव जो अपनी जलापूर्ति के लिए नलकूप पर निर्भर था (चूंकि पानी जिस स्तर पर पहुँच में था वह प्रदूषित था), जिसके कारण वहाँ का समुदाय अक्सर जल-जनित बीमारियों से पीड़ित रहता था। इस पहल द्वारा ग्रामवासियों की सुरक्षित पेयजल की जरूरत की पूर्ति गाँव में हो जाएगी।

So far, the village was dependent on borewell (water was accessible at a level which was contaminated) for its water supply, due to which the community often suffered from water borne diseases. This initiative will benefit the villagers by catering to their need for safe drinking water in the village.

पीरामल सर्वजल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अनुज शर्मा ने कहा कि "असेवित और अल्पसेवित समुदायों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के अपने संकल्प के एक भाग के तौर पर पीरामल सर्वजल विगत कई वर्षों से अन्यान्य कार्यक्रम और साझेदारियाँ चला रहा है। इस साझेदारी के माध्यम से पीरामल सर्वजल ने किफायती और सुरक्षित पेयजल निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने के लिए परिशोधन-सह-वितरण इकाई स्थापित की है।

Mr. Anuj Sharma, CEO, Piramal Sarvajal, said, "As a part of its commitment to provide safe drinking water to the unserved and underserved communities, Piramal Sarvajal has been undertaking several programs and partnerships over the years. Through this partnership, Piramal Sarvajal has set up purification cum dispensing unit to provide an uninterrupted access to affordable safe drinking water."

गाँव के लिए साझा-लेबल वाले जल-आपूर्तक एटीएम का भी शुभारंभ किया गया जिससे इस जल-आपूर्तक एटीएम कार्ड को रखने वाला कोई भी व्यक्ति 30 पैसे प्रति लीटर के हिसाब से पानी प्राप्त कर सकता है। वर्तमान में सौर ऊर्जा से चालित और क्लाउड से सम्बद्ध ये पीरामल सर्वजल जल-आपूर्तक एटीएम - बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड सहित देश के कई राज्यों में फैले हुए हैं।

For the village, a co-labelled water ATM card was also unveiled using which anyone having this card can access water from water ATMs for 30 paise per litre. Currently, solar powered, cloud connected water ATMs of Piramal Sarvajal are spread across several states namely, including UP, Bihar, Rajasthan, MP, Odisha, Himachal Pradesh, Uttarakhand etc.

किसी भी ग्राम निवासी द्वारा स्थानीय परिचालक/समन्वयक से यह एटीएम कार्ड प्राप्त किया जा सकता है और इसमें इच्छित धनराशि डाली जा सकती है। इन एटीएम पर प्रति-दिन चौबीसों घंटों (24x7) शुद्ध पेयजल उपलब्ध है और इन एटीएम कार्डों का प्रयोग करके लोग देश में कहीं भी इन जल-आपूर्तक एटीएम से सुरक्षित पेयजल प्राप्त कर सकते है।

The ATM card can be obtained by any villager from a local operator/coordinator in the village and any amount can be loaded on it. Purified drinking water is available in these water ATMs 24X7 and using the ATM card people can access safe drinking water from any of these water ATMs, anywhere in country.

**सिडबी के बारे में:** चाहे पारंपरिक उद्यमी हों अथवा छोटे घरेलू उद्यमी हों या पिरामिड के आधार स्तर अथवा उच्च-स्तरीय ज्ञान-आधारित उद्यमी हों, सिडबी ने अपने विभिन्न वित्तपोषी और विकासात्मक उपायों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के जीवन को स्पर्श किया है। वित्त वर्ष 2018 में विज़न 2.0 को अपनाने के बाद से सिडबी ने असेवित और अल्प-सेवित उप-क्षेत्रों पर विशेष बल देते हुए सर्व-समावेशी, बाजार सर्जक और प्रभावोन्मुखी संलग्नताओं को अपनाया है। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in/ पर जाएँ।

**About SIDBI:** Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs or high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental measures. Since its adoption of Vision 2.0 in FY 2018, SIDBI has adopted inclusive, market maker and impact-oriented engagements, with thrust on unserved and underserved segments. For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

**पीरामल सर्वजल के बारे में:** पीरामल सर्वजल एक मिशन-प्रचालित सामाजिक उद्यम है, जो यह मानता है कि शुद्ध पेयजल सभी के लिए सुलभ और सस्ता होना चाहिए। इस लक्ष्य को सामने रखकर इसने अल्प-सेवित क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की किफायती उपलब्धता के लिए अभिनव समाधानों को अभिकल्पित और संस्थापित किया है। सर्वजल, सुरक्षित पेयजल क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक प्रथाओं को विकसित करने में अग्रणी है और इसने विशुद्ध रूप से बाजार-आधारित मॉडल को ग्रामीण और शहरी दोनों ही स्थितियों में नियोजित किए जाने पर आत्म-निर्भर मॉडेल अभिकल्पित किए गए हैं। पीरामल सर्वजल अपने 1500 से भी अधिक पहुँच-बिन्दुओं के माध्यम से प्रतिदिन 6.23 लाख से अधिक लोगों को जल सेवा प्रदान करता है, जिससे सालाना कुल 30 करोड़ रुपए की स्थानीय अर्थव्यवस्था सृजित हुई है।

**About Piramal Sarvajal:** Piramal Sarvajal is a mission-driven social enterprise which believes that pure drinking water should be accessible and affordable for everyone. Towards this end, it has designed and deployed innovative solutions for creating affordable access to safe drinking water in underserved areas. Sarvajal is at the forefront of developing technologies and business

practices in the safe drinking water sector that are designed to make a purely market-based model sustainable in both rural and urban deployment conditions. Piramal Sarvajal serves over 6.23+ lakh people daily, through over 1500+ touchpoints to generate a total local economy worth Rs. 30 crores annually.

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई-मेल: neelasrib@sidbi.in

**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in